दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 33

अखनूर में आतंकियों ने सेना के काफिले पर घात लगाकर किया हमला, सुरक्षाबलों ने इलाके को घेरा; सर्च ऑपरेशन जारी

श्रीनगर । आरएनएस

जम्मू-कश्मीर के अखनूर में आतंकियों ने सेना के काफिले पर गोलाबारी की। इस घटना के बाद इलाके में बड़ा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, फायरिंग करने वाले आतंकियों की संख्या 3 से 4 बताई जा रही है, जो कि कयास लगाए जा रहे हैं कि स्थानीय मंदिर के आसपास छिपे हुए हैं।

हमले के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीमों ने मिलकर व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। आज सुबह करीब 7 बजे घात लगाकर बैठे 3 अतंकियों ने सेना के काफिले पर फायरिंग की। यह घटना अखनूर के बटाल गांव के शिव मंदिर के पास बताई जा रही है। हमले के बाद 32 फील्ड रेजिमेंट ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और तलाशी अभियान जारी है।

वहीं, आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के गगनगीर में 20 अक्टूबर को हुए आतंकवादी हमले की जांच के दौरान खुफिया जानकारी की कमी और नियंत्रण रेखा पर पिछले एक साल से निगरानी व्यवस्था को चकमा देकर घुसपैठ होने की जानकारी सामने आई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। गगनगीर में हुए हमले में एक स्थानीय डॉक्टर और बिहार के दो मजदूरों सहित सात लोगों की जान चली गई थी। गगनगीर हमले ने कश्मीर में स्थानीय युवकों के आतंकवादी समूहों में शामिल होने की ''गुप्त प्रवृत्ति'' के बारे में चिंता पैदा कर दी है।

जम्मू -कश्मीर : सेना की एंबुलेंस पर फायरिंग करने वाले 3 आतंकी ढेर, मंदिर में बच्चों को भी बनाया था बंधक

जम्मू (आरएनएस)। सोमवार को जम्मू-कश्मीर के अखनूर इलाके में आतंकियों ने एक सेना के वाहन पर हमला करने की कोशिश की। इसके बाद वहां मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना ने आतंकी गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आतंकियों को ढेर कर दिया। ये आतंकी सेना की एंबुलेंस पर फायरिंग करने के बाद एक मंदिर में छिपने का प्रयास कर रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आतंकियों ने इलाके में दहशत फैलाने के मकसद से मंदिर में घुसकर बच्चों को बंधक बनाने की कोशिश की थी।

अधिकारियों के अनुसार, सोमवार सुबह अखनूर के बत्तल इलाके में आतंकियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की थी।

अधिकारियों ने बताया, आतंकियों की घात लगाकर हमला करने की कोशिश नाकाम हो गई, जिसके बाद इलाके में घेराबंदी अभियान शुरू किया गया था। जिसमे सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को ढ़ेर कर दिया है । सेना आतंकियों के सभी निकलने के रास्ते सील कर दिए गए था ।

खासकर शांति से हुए लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बाद आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर में अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं। पिछले गुरुवार को आतंकियों ने गुलमर्ग के पास सेना के एक वाहन पर हमला किया, जिसमें दो सैनिकों और दो स्थानीय पोर्टरों की मौत हो गई थी। इस हमले में घायल एक और सैनिक ने अगले दिन दम तोड़ दिया था, जिससे मरने वालों की संख्या पांच हो गई थी।

20 अक्टूबर को आतंकियों ने गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में एक निजी निर्माण कंपनी के श्रमिक शिविर पर हमला किया था। इस हमले में सात लोग मारे गए, जिनमें छह बाहरी मजदूर और एक कश्मीरी डॉक्टर शामिल थे।

यह हमला मासूम, निहत्थे श्रमिकों पर हुआ था जो श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक सुरंग के निर्माण में लगे हुए थे। इस सुरंग के बनने के बाद श्रीनगर और सोनमर्ग का रास्ता सालभर खुला रहेगा और सोनमर्ग एक सीजनल टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन सकेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी फायदा होगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा।

महत्वपूर्ण एवं खास

दिल्ली में लागू हो सकता है ग्रेप-3, दिवाली से पहले कई इलाकों में खतरनाक स्तर तक पहुंचा एक्यूआई

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की हवा दिवाली से पहले बेहद जहरीली हो चुकी है। आज सुबह 6 बजे 24 घंटे का औसत एक्यूआई 264 रहा। यह रविवार की तुलना में 90 अंक कम है, लेकिन सेहत के लिए यह भी बेहद खराब है। पिछले सप्ताह हवा की गति धीमी होने के कारण दिल्ली की हवा बेहद खराब हो गई थी। अब तेज हवा के कारण इसमें सुधार आया है, लेकिन अभी भी यहां हवा का स्तर बेहद चिंताजनक बना हुआ है। दिल्ली में हवा की स्थिति सुधारने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। पटाखों पर पूरी तरह से बैन लगा दिया गया है। हालांकि, दिल्ली से सटे गुरुग्राम से बड़ी संख्या में पटाखे दिल्ली के अंदर लाए जा रहे हैं। इसके अलावा चोरी-छिपे भी बड़ी मात्रा में पटाखे बेचे जा रहे हैं। ऐसे में दिवाली पर दिल्ली की हवा और खराब होने का डर है। ऐसा होने पर ग्रैप-3 लागू हो सकता है। एक्यूआई के जरिए सरकार दिल्ली में वायु प्रदूषण कम करने की कोशिश करती है। इसमें कई तरह के प्रतिबंध शामिल होते हैं। दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति के आधार पर ग्रैप के अलग-अलग चरण लागू किए जाते हैं। एक्यूआई का स्तर 200 के पार जाने पर ग्रैप का पहला चरण लागू होता है। वहीं, इसके 300 के पार जाने पर दूसरा और 400 के पार जाने पर तीसरा चरण लागू होता है। एक्यूआई 450 के पार जाने पर ग्रैप का चौथा चरण लागू हो जाता है।

तोक्यो जा रहा था सिंगापुर एयरलाइंस का विमान, आसमान में टूटा विंडशील्ड

सिंगापुर। सिंगापुर एयरलाइंस की सोमवार को तोक्यो जाने वाली उड़ान का विंडशील्ड टूटने के बाद विमान को ताइवान की राजधानी ताइपे की ओर मोड़ दिया गया। उड़ान संख्या एसक्यू636 में 249 यात्री और चालक दल के 17 सदस्य सवार थे। उड़ान ने रविवार को रात 11 बजकर सात मिनट पर चांगी हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी और उसे सोमवार को सुबह छह बजकर 20 मिनट पर जापान के हानेडा हवाई अड्डे पर उतरना था। खबर के अनुसार, उड़ान के बीच में विंडशील्ड टूटने के कारण बोइंग 777-300ईआर विमान को ताइपे के ताओयुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया। खबर के मुताबिक, सिंगापुर एयरलाइंस के प्रवक्ता के हवाले से बताया गया कि विमान हवाई अड्डे पर 'बिना किसी बाधा के' उतर गया। उड़ान संख्या का नंबर बदल दिया गया और विमान रात साढ़े आठ बजे ताइपे से तोक्यो के लिए रवाना होगा। प्रवक्ता ने बताया कि विमान करीब 18 घंटे की देरी से सोमवार देर रात 12.30 बजे हनेडा हवाई अड्डे पर उतरेगा।

भारत में खत्म हुई जो बीमारी पाकिस्तान में बनी महामारी

इस्लामाबाद। भारत ने जिस बीमारी पर पहले ही काबू पा लिया है पाकिस्तान अब भी उससे संघर्ष कर रहा है। यह बीमारी है पोलियो। पाकिस्तान में पोलियो के नए मामले सामने आने के बाद शरीफ सरकार ने देशभर में सोमवार को नया टीकाकरण अभियान शुरू किया है ताकि देश के 4.5 करोड़ बच्चों को पोलियो की गिरफ्त में आने से बचाया जा सके। पाकिस्तान में नियमित रूप से टीकाकरण अभियान संचालित किया जाता है लेकिन स्वास्थ्य कर्मियों और उन्हें सुरक्षा मुहैया कराने वाले पुलिस कर्मियों पर आतंकवादी हमले होते रहते हैं। पाकिस्तान उन गिने चुने देशों में शामिल हैं जहां अब तक पोलिया खत्म नहीं हुआ है।

बिहार के बेतिया में देवर ने भाभी की तलवार से काटकर की हत्या, थाने पहुंचकर किया आत्मसमर्पण

बेतिया । आरएनएस

बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के सिरसिया थाना क्षेत्र में देवर ने अपनी चचेरी भाभी की तलवार से काटकर हत्या कर दी और उसके बाद तलवार फेंक कर खुद थाने में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक, पूर्वी तुरहापट्टी गांव निवासी मुनीर अहमद ने पड़ोस में रहने वाली अपनी चचेरी भाभी और आलमगीर अंसारी की पत्नी सल्होदा खातून (45) की तलवार से काटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने कुमारबाग थाना जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद इसकी सूचना सिरसिया थाना को दी गई।

सिरसिया थाना के प्रभारी मदन मांझी ने बताया कि शव को पुलिस ने अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार को भी बरामद कर लिया है।

उन्होंने बताया कि देवर और भाभी दोनों पड़ोसी हैं। छह माह पूर्व बच्चों के विवाद को लेकर दोनों परिवार में मारपीट हुई थी। इसके बाद दोनों परिवारों में मनमुटाव चल रहा था। सोमवार की सुबह भी किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ और मुनीर ने घर के दरवाजे पर बैठी अपनी भाभी पर तलवार से वार कर दिया, इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

बताया जाता है कि आरोपी को ग्रामीणों ने जब पकड़ने की कोशिश की तो वह भागकर थाने पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

कोई न्यायालय सबऑर्डिनेट नहीं, शब्दों में बदलाव जरूरी : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली । आरएनएस



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका के संदर्भ में महत्वपूर्ण टिप्पणियां की। उपराष्ट्रपति का कहना है कि न्यायपालिका हमारे देश का सबसे महत्वपूर्ण अंग है, इसमें सबऑर्डिनेट शब्द की कोई जगह नहीं है। कोई भी न्यायालय सबऑर्डिनेट नहीं, इसमें बदलाव होना चाहिए। उन्होंने न्यायपालिका पर टिप्पणी करते हुए कहा, जब मजिस्ट्रेट या जिला जज फैसला लिखता है, उनके मन में एक शंका रहती है कि मेरे फैसले पर क्या टिप्पणी होगी। वह फैसला उसके भविष्य को निर्वहन करता है।

उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि कॉर्पोरेट्स को लोकल अदालतों में इन्वेस्ट करना चाहिए। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि उद्योगपति एवं कॉर्पोरेट समूहों को अन्य संस्थानों को प्रदान की जाने वाली सहायता की तर्ज पर न्यायपालिका के कार्यान्वयन में भी सहायता प्रदान करनी चाहिए।

अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट्स के पास सीएसआर फंड है और उनको लोकल अदालतों में इन्वेस्ट करना चाहिए। उपराष्ट्रपति रविवार को राजस्थान के जयपुर में एआईआर पुस्तकालय के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अधिवक्ता संघ को संबोधित कर रहे थे।

संसद में कानून पारित कर नागरिक संहिता में हुए परिवर्तन पर बोलते हुए उपराष्ट्रपति ने इसे औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करने वाली एक महत्वपूर्ण घटना बताया। उन्होंने इसे दंड विधान से न्याय विधान की यात्रा बताते हुए कहा कि लंबे समय की मांग के बाद अंग्रेजों द्वारा बनाए गए इन कानूनों को निरस्त किया गया है, जो नए वकीलों के लिए एक वरदान है।

भारतीय न्याय संहिता सहित तीन कानूनों के पारित होते समय राज्यसभा के सभापति के रूप में स्वयं की उपस्थिति के अनुभवों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि एक बहुत शक्तिशाली समिति ने इन कानूनों के प्रत्येक प्रावधान पर विचार किया।

उन्होंने इसके साथ ही यह भी कहा कि सरकार ने इस बदलाव में गहराई से जांच की है तथा तकनीक की मदद से प्रत्येक प्रावधान की पृष्ठभूमि को बारीकी से देखा गया है। उपराष्ट्रपति ने कहा, "किसी भी देश तथा किसी भी सभ्यता का आकलन उसकी न्याय व्यवस्था से होता है।" उन्होंने कहा, "सर्वोच्च न्यायालय से लेकर नीचे तक हमारी न्यायपालिका बुद्धिमत्ता, प्रतिबद्धता, अखंडता के साथ कार्य करती है।"

दिल्ली में दीपावली की तैयारी के बीच सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, पुलिस हाई अलर्ट

नई दिल्ली । आरएनएस

दीपावली नजदीक आने के साथ ही दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने कड़े कदम उठाए हैं। हाल ही में प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए धमाके के बाद पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट पर है। राजधानी के बाजारों में सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिए गए हैं।

पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर मार्केट, जो कि शहर का एक प्रमुख और पुराना बाजार है, यहां सुरक्षा उपायों को अत्यधिक सख्त किया गया है। इस मार्केट में रोजाना हजारों की संख्या में लोग खरीदारी करने आते हैं, और ऐसे में पुलिस की सजगता आवश्यक हो गई है।

मार्केट के मेन गेट पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए मचान बनाया गया है, जहां हथियारबंद जवान तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों की मदद से बाजार की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। एंट्री गेट पर मेटल डिटेक्टर भी लगाए गए हैं, जिससे संभावित खतरों को कम किया जा सके।

दिल्ली पुलिस के डीसीपी, एसीपी और एसएचओ सहित अन्य पुलिस अधिकारी शाम में फुट पेट्रोलिंग भी कर रहे हैं। बाजार के हर कोने में जाकर अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं और जहां कहीं कमी दिखाई दे रही है, वहां तुरंत सुधार करने के प्रयास कर रहे हैं।

डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने कहा कि हमने सभी बाजारों में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हैं। लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए जरूरी निर्देश दिए गए हैं। मार्केट में सिर्फ इमरजेंसी वाहनों की ही एंट्री है और प्रमुख प्रवेश बिंदुओं पर बैरिकेडिंग की गई है। हम सभी मार्केटों की बारीकी से जांच कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मार्केट में गाड़ियों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है, जिससे लोगों को खरीदारी में कोई दिक्कत न हो। यह कदम भीड़ को नियंत्रित करने के साथ ही पुलिस को सुरक्षा निगरानी में आसानी प्रदान करेगा।

ऑपरेशन प्रहार का अगला वार, 250 पुलिसकर्मियों ने किया 300 संदिग्धों का वेरिफिकेशन, 40 पर कार्यवाई

नोएडा । आरएनएस

गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में इन दिनों अपराध और अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। "ऑपरेशन प्रहार" नाम के इस अभियान के तहत चेकिंग, वेरिफिकेशन आदि काम किए जा रहे हैं। पुलिस टीम अपने थाना क्षेत्र में रहने वाले संदिग्ध व्यक्तियों का वेरिफिकेशन करा रही है।

इस दौरान नोएडा जोन में 250 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने 300 से ज्यादा संदिग्धोंल का वेरिफिकेशन किया। इसमें से 40 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार आगामी त्योहारों को देखते हुए एडीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्र के नेतृत्व में नोएडा जोन के अंतर्गत अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के अगले चरण के में विभिन्न थाना इलाकों में रह रहे आपराधिक प्रवृत्ति के व्योक्ऑपरयों के खिलाफ सघन तलाशी अभियान चलाया गया है। इस दौरान उनके वेरिफिकेशन किए गए और उनसे संबंध?ति अन्य जानकारी जुटाई गई।

इस अभियान के तहत नोएडा जोन में 25 टीमों का गठन कर 250 पुलिसकर्मियों के द्वारा संदिग्धोंक का वेरिफिकेशन करते हुए 40 के खिलाफ कई मामले में कार्रवाई भी की गई। इसके पहले चलाए गए अभियान में वाहनों की चेकिंग के दौरान भी संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी।

गौरतलब है कि ऑपरेशन प्रहार की ही कड़ी में नशे में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की थी और सैकड़ों गाड़ियों के चालान काटे थे। इसके साथ-साथ कई व्यक्तियों को हवालात की हवा भी खानी पड़ी थी।

मुडा स्कैम मामले में ईडी की बड़ी कार्यवाई, बेंगलुरु और मैसूर में 9 जगहों पर की छापेमारी

बेंगलुरु । आरएनएस

निदेशालय ने कथित मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाला मामले में बेंगलुरु और मैसूर में 8 से 9 जगहों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनके परिवार और मुडा अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और जमीन की हेराफेरी के आरोपों की बीच हुई है।

मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण को शॉर्ट फॉर्म में रूष्ठ कहते हैं। जब सरकार किसी जमीन का अधिग्रहण करती है तो मुआवजे के तौर पर दूसरी जगह जमीन देती है। पूरा कथित रूष्ठ स्कैम भी इसी से जुड़ा है। ये मामला सिद्धारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को मुआवजे के रूप में मिली 14 प्रीमियम साइट से जुड़ा है। 2004 से यह मामला रूष्ठ की ओर से उस समय मुआवजे के तौर पर जमीन के पार्सल के आवंटन से जुड़ा है जब सिद्धारमैया मुख्यमंत्री थे।

ये प्लॉट मैसूर में हैं। आरोप है कि सिद्धारमैया और उनकी पत्नी पार्वती ने रूष्ठ से गैरकानूनी तरीके से जमीन ली। दावा है कि इसमें 4 हजार करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। जिस जमीन की यहां बात हो रही है वो केसारू गांव की 3.16 एकड़ का प्लॉट है। साल 2005 में इस जमीन को सिद्धारमैया के बहनोई मल्लिकार्जुन स्वामी देवराज को ट्रांसफर कर दिया गया था।

दावा है कि मल्लिकार्जुन स्वामी ने 2004 में सरकारी अफसरों और जाली दस्तावेजों की मदद से इस जमीन को अवैध रूप से अपने नाम करवा लिया था। आरोप है कि रूष्ठ ने मैसूर की प्राइम लोकेशन पर पार्वती को जमीन दी। ये जमीन 14 अलग-अलग जगहों पर थी। दावा है कि सिद्धारमैया की पत्नी को उन इलाकों में जमीन दी गई, जहां सर्किल रेट ज्यादा था, जिससे उसकी कीमत केसारू की असल जमीन से ज्यादा हो गई।

दीपोत्सव 2024 : लाइव टेलीकास्ट के जरिए पूरी दुनिया देखेगी अयोध्या की भव्यता

अयोध्या । आरएनएस



आठवें दीपोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। राम की पैड़ी पर दीप बिछाने का काम तकरीबन पूरा किया जा चुका है। अब अयोध्या सहित पूरी दुनिया को इंतजार है तो सिर्फ 30 अक्टूबर की शाम का। उस दिन सबके आराध्य भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या एक और कीर्तिमान रचने जा रही है। इस अद्भुत और अलौकिक पल के साक्षी पूरी दुनिया में बैठे लोग भी होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सूचना विभाग द्वारा इस पूरे महा आयोजन के लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था की गई है। नगर के कोने-कोने में होने वाले दीपोत्सव की आभा दिखाने के लिए एलईडी वॉल और एलईडी वैन लगवाई जा रही है। इसके अलावा मीडिया को कवरेज के लिए सेंटर की स्थापना करा दी गई है।

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में इस बार दीपोत्सव को और भी भव्य बनाने की तैयारी चल रही है। शहर के मार्गों को फूलों की लडिय़ों और आकर्षक लाइट से सजाया जा रहा है। दीपोत्सव के दिन राम की पैड़ी पर होने वाले सभी कार्यक्रमों को दूरदर्शन व सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर लाइव दिखाया जाएगा। नगर के सभी लोग इस भव्य आयोजन का, जो जहां रहे वहीं से आनंद ले सकें, इसके लिए एलईडी स्क्रीन्स की व्यवस्था कराई गई है।

जिला सूचना अधिकारी संतोष द्विवेदी ने बताया कि दीपोत्सव के आयोजन की भव्यता को अयोध्या सहित पूरी दुनिया देखे इसके लिए नगर में 20 जगहों पर एलईडी वॉल और एलईडी वैन की व्यवस्था कराई जा रही है। इनमें अयोध्या कोतवाली, हनुमानगढ़ी, वाल्मीकि भवन, पोस्ट ऑफिस, तुलसी स्मारक भवन, कार सेवकपुरम, मीडिया सेंटर, टेढ़ी बाजार चौराहा, रेलवे स्टेशन, विद्या कुंड, साकेत पेट्रोल पंप, दीनबन्धु नेत्रालय कार्यशाला, हनुमान गुफा के पास एलईडी वॉल लग चुकी हैं। इसके अलावा बस स्टैंड, सहादतगंज, नाका, देवकाली बाइपास, साकेत, उदया सहित अन्य स्थानों पर एलईडी वैन को खड़ा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अयोध्या में देश और दुनिया से आने वाले पत्रकारों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए रामकथा संग्रहालय परिसर में सूचना विभाग द्वारा 10 हजार स्क्वायर फीट में मीडिया सेंटर की स्थापना की गई है। ये मीडिया सेंटर एक्टिवेट कर दिया गया है। इसमें करीब 500 मीडिया बंधुओं के बैठने की क्षमता रहेगी। यहीं पर मीडिया के अल्पाहार के लिए कैफेटेरिया भी संचालित रहेगा। मीडिया सेंटर में इंटरनेट-वाईफाई के साथ ही चार बड़ी एलईडी स्क्रीन भी लगेंगी।